Compliance Advisor/Ombudsman
2121 Pennsylvania Ave., N.W.
Washington, D.C. 20433
U.S.A.

विज्ञप्ति

सेवा में: जगतसुख पंचायत एवं समुदाय के सदस्य
प्रेषक: अमर इनामदार, CAO
तारीख: फरवरी 9, 2007
विषय: CAO की गतिविधि की ताजा स्थिति-- ए.डी. हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट

इस विज्ञप्ति का उद्देश्य जगतसुख पंचायत और समुदाय के सदस्यों को ए.डी. हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट में CAO के काम-काज के सम्बन्ध में ताजा स्थिति से अवगत कराना है। CAO की गतिविधि, वर्तमान स्थिति, और सम्भावी अगले कदमों का सारांश निम्नलिखित है।

CAO की गतिविधि का सारांश: जुलाई 2006 – जनवरी 2007

जुलाई 2006 के बाद के दिनों में, CAO टीम ने प्रोजेक्ट के प्रभावों के बारे में समुदाय द्वारा बार-बार की जाने वाली शिकायतों के जवाब में प्रोजेक्ट स्थल का दौरा किया। सामान्य रूप से, टीम ने पाया कि हाल के महीनों में कम्पनी और समुदाय के सम्बन्धों में सुधार आया है। पानी की गुणवत्ता, सुरक्षा, और समुदाय के विकास सम्बन्धी मुद्दों सहित बहुत सी चिंतायें निरन्तर बनी हुई थीं। कम्पनी और समुदाय के बीच बातचीत के लिये कोई प्रभावी मंच नहीं था, तथा उस समय कम्पनी और पूरी पंचायत के बीच कोई बैठकें आयोजित नहीं की गयीं थीं। CAO के ध्यान में यह बात आयी कि जगतसुख पंचायत और भीलवाडा कम्पनी के बीच बातचीत सुधारने का मौका है। CAO के मुख्य निष्कर्षों का विस्तृत सारांश CAO की वेबसाइट पर दर्शाया गया है।

सितम्बर 2006 में, CAO टीम पंचायत और कम्पनी को प्रोजेक्ट-सम्बन्धी मुद्दों पर बातचीत में सहायता करने के लिये जगतसुख लौटी। टीम ने पाया कि हालांकि समुदाय के विकास का कुछ काम हो रहा था, लेकिन कम्पनी और पंचायत के बीच निरन्तर और नियमित बातचीत की अभी भी कमी थी। पंचायत और समुदाय के बीच बातचीत की गुणवत्ता के बारे में भी परस्पर विरोधी रिपोर्टें थीं। परिणामस्वरूप, हमें एक निराशा का भाव देखने को मिला। बातचीत में सुधार लाने और समुदाय के विकास सम्बन्धी निर्णय लेने हेतु CAO को पंचायत के साथ काम करते रहने के लिये पंचायत प्रधान तथा उप प्रधान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। CAO ने कम्पनी से भी उसके काम के बारे में चर्चा करने तथा समुदाय के मुद्दों को और स्पष्ट करने के लिये मुलाकात की।

अक्तूबर से नवम्बर 2006 तक CAO टीम ने अपने नतीजे IFC को बता दिये, और वह जगतसुख पंचायत व कम्पनी प्रतिनिधियों के बीच बातचीत का माहौल बनाने के लिये प्रोजेक्ट स्थल पर वापस लौटने हेतु उपयुक्त समय का पता लगाने के काम में लग गयी।

नवम्बर के बाद के दिनों में, CAO को पंचायत प्रधान द्वारा सूचित किया गया कि अब और आगे सहायता की ज़रूरत नहीं है। बाद में, ए.डी. हाइड्रो के नेतृत्व ने किये गये वायदों के सम्बन्ध में प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए, और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि समुदाय की सामाजिक और पर्यावरण सम्बन्धी चिंताओं को हल करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति हो चुकी है, इसलिए तृतीय पक्ष की भागीदारी को समाप्त किये जाने के अनुरोध के साथ CAO को एक ज्ञापन भेजा। साथ ही साथ, समुदाय के दूसरे सदस्यों के द्वारा CAO को प्रोजेक्ट के प्रभावों के बारे में चिंता व्यक्त किया जाना जारी रहा।

दिसम्बर 2006 में, CAO ने अगस्त 2004 के ESIA परिशिष्ट में प्रोजेक्ट और समुदाय द्वारा प्राथमिकताओं के तौर पर सम्मिलित की गयी सभी गतिविधियों को शामिल करते हुए वचनबद्धताओं का एक रजिस्टर तैयार किया। हमने IFC और कम्पनी से शिकायतों का तर्कसंगत उत्तर देने के लिये तथा समुदाय के साथ तय की गयी प्राथमिकताओं के सापेक्ष प्रगति के मूल्यांकन हेतु आधार के तौर पर वचनबद्धताओं के रजिस्टर को पूरा करने के लिये कहा। IFC ने समुदाय और कम्पनी के सम्बन्धों का मूल्यांकन करने के लिये तीन व्यक्तियों की एक टीम प्रोजेक्ट स्थल पर भेजी। स्थल के दौरे और वचनबद्धताओं के रजिस्टर के सम्बन्ध में ताजा स्थिति का पूरा विवरण शीघ्र प्रस्तुत किया जाने वाला है।

अगले कदम

CAO फिलहाल कम्पनी और IFC से ESIA सम्बन्धी वचनबद्धताओं के रजिस्टर की स्थिति पर जानकारी प्राप्त होने की प्रतीक्षा में है। रजिस्टर प्राप्त हो जाने पर, CAO टीम यह सुनिश्चित करने के लिये स्थल का अंतिम दौरा कर सकती है कि स्थानीय सदस्यों को इस पर चर्चा करने का और यह आश्वासन प्राप्त करने का अवसर मिले कि सहमत मुद्दों पर प्रगति हो रही है। CAO टीम इस ताजा स्थिति की प्राप्ति की पुष्टि करने के लिये जगतसुख के नेतागणों और शिकायत करने वाले समुदाय के सदस्यों से सम्पर्क करेगी तथा CAO की स्थिति और भागीदारी के सम्बन्ध में किसी भी शंकाओं का स्पष्टीकरण करेगी।